22

निबंध कैसे लिखें

(लेखन-कौशल)

पढ़ना/लिखना	जीवन-कौशल/क्रियाकलाप
• गद्य • निबंध	• वर्णन, विचार एवं भावों की क्रमबद्धता • जीवन से उदाहरणों का चुनाव • उपयुक्त भाषा का चुनाव

सार

निबंध का अर्थ है– ऐसी रचना, जिसमें विषय का क्रमबद्ध वर्णन हो। निबंध गद्य की एक महत्त्वपूर्ण विधा है। निबंध के माध्यम से हम अपने विचारों को क्रमबद्ध रूप में, उदाहरणों के माध्यम से प्रभावशाली एवं आत्मीय भाषा में अभिव्यक्त करते हैं। निबंध अनेक प्रकार के होते हैं, जैसे–वर्णनात्मक, विचारात्मक तथा भावात्मक आदि। इसके अतिरिक्त भी निबंध के अनेक प्रकार हो सकते हैं। निबंध के तीन प्रमुख अंग है–भूमिका, विषयवस्तु, उपसंहार। निबंध को व्यवस्थित रूप से लिखने के लिए इन प्रमुख बिंदुओं के भी अन्य अनेक उप बिंदु बनाकर उसे आसानी से लिखा जा सकता है। निबंध लिखने से पूर्व उसके विषय का चयन सावधानीपूर्वक करना चाहिए। निबंध लिखने से पूर्व उसकी रूपरेखा के बिंदुओं का निर्धारण भी कर लेना चाहिए। निबंध लिखते समय उसकी भाषा तथा आकार का ध्यान रखना आवश्यक है।

मुख्य बिंदु

- विषय के मुख्य बिंदुओं पर विचार
- क्रमबद्ध वर्णन करना
- प्रभावशाली भाषा में अभिव्यक्ति
- निबंध के विभिन्न रूपों को समझना
- निबंध के आकार को ध्यान में रखकर विस्तार देना।

आइए समझें

- निबंध लिखने के लिए भूमिका, विषयवस्तु व उपसंहार के विभाजन को समझना आवश्यक है।
- क्रमबद्ध वर्णन के लिए क्रमानुसार निबंध को पाँच या छह अनुच्छेदों में बाँट लेना उचित होगा।
- निबंध के विषय के अनुसार उसे वर्णनात्मक, भावात्मक, विचारात्मक रूप प्रदान किया जा सकता है।
- प्रत्येक निबंध के मुख्य बिंदुओं को भी उपबिंदुओं में विभाजित किया जाए, तो इससे लिखने में सुविधा होगी।
- निबंध को पठनीय बनाने के लिए है उसे सरल व सहज भाषा में लिखा जाना चाहिए।

यह जानना ज़रूरी है

- मुहावरों का यथास्थान प्रयोग करने से निबंध में प्रभावोत्पादकता बढ़ जाती है।
- निबंध में एक बिंदु पूरा होने पर ही दूसरे बिंदु को शुरू करना चाहिए।
- वाक्य-रचना में कसावट व सहजता का ध्यान रखा जाना चाहिए।
- भूमिका और उपसंहार में विशेष सावधानी बरतनी चाहिए।

- निबंध के विषय के अनुरूप वर्णन, उदाहरण, कल्पना अथवा विश्लेषण का प्रयोग करना चाहिए।

अधिकतम अंक कैसे पाएँ

- निबंध की भूमिका अत्यंत आकर्षक, विषयानुसार हो इसका ध्यान रखिए।
- पूरा निबंध छोटे-छोटे अनुच्छेदों में बाँट लीजिए।
- काव्य-पंक्तियाँ, सुभाषित, उदाहरण इत्यादि इस प्रकार लिखिए कि पढ़ने वाले की दृष्टि उन पर अवश्य पड़े।
- विषय का चयन सावधानीपूर्वक कीजिए, जिससे आपको अपने ज्ञान को अभिव्यक्त करने का पूरा अवसर मिल सके।

अपना मूल्यांकन कीजिए

1. सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए :

   ‘निबंध’ शब्द में ‘बंध’ का अर्थ क्या होगा–

   (क) बंधन

   (ख) क्रमबद्धता

   (ग) अनुच्छेद

   (घ) जोड़ना
2. ‘राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान’ से आप कैसे और क्यों जुड़े– इस विषय पर एक निबंध की रूपरेखा बनाकर लिखिए।
3. आपने अपनी पाठ्यपुस्तक में आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी का निबंध ‘नाख़ून क्यों बढ़ते हैं?’ पढ़ा है। इसमें लेखक ने निबंध के किन प्रमुख तत्त्वों को प्रधानता दी है– संक्षेप में लिखिए।